# शिखर धवन-कार्तिक समेत कई खिलाड़ी जोधपुर में खेलेंगे क्रिकेट



जोधपुर, 5 सितम्बर (वेबवार्ता)। लीजेंड्स लीग क्रिकेट के तीसरे सीजन की शुरुआत 20 सितंबर को जोधपुर से होगी। लीग में कई नेशनल और इंटरनेशनल खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इस बार 30 देश के 120 खिलाड़ियों को ऑक्शन में सिलेक्ट किया गया है। पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन, दिनेश कार्तिक और इरफान पठान भी लीग में खेल रहे हैं। इस बार श्रीलंका के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज इसुरू उडाना के लिए सबसे ज्यादा बोली लगी। उन्हें हैदराबाद टीम ने 61.9 लाख रुपए में खरीदा। लीजेंड्स लीग की ओपनिंग सेरेमनी जोधपुर के बरकतुल्ला खां स्टेडियम में होगी। लीग 20 सितंबर से 16 अक्टूबर तक चलेगी। इस बार जोधपुर, सूरत, जम्मू-कश्मीर और श्रीनगर में मैच खेले जाएंगे। समापन जम्मू-कश्मीर में होगा। रेगिस्तान से आगाज और वादियों में होगा फाइनल लीजेंड्स लीग क्रिकेट के को-ऑनर रमन रहेजा ने बताया- भारतीय खिलाड़ियों सहित इंटरनेशनल खिलाड़ी रिटायरमेंट के बाद लीजेंड्स लीग क्रिकेट में खेल रहे हैं। इस लीग का यह तीसरा सीजन है। इस लीग की शुरुआत की थी, तब हम खिलाड़ियों को एप्रोच कर रहे थे। तीसरे सीजन तक यह बदलाव आ गया कि अब खिलाड़ी रिटायर होने से पहले ही अपनी रुचि इस लीग के लिए जता रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2022 में हुए पहले सीजन में जोधपुर से बहुत प्यार मिला। 20 साल बाद लोग अपने स्टेडियम में बड़े खिलाड़ियों को क्रिकेट खेलते हुए देख रहे थे। ऐसे में इस बार इस लीग की शुरुआत ही जोधपुर से कर रहे हैं। रहेजा ने कहा- सीजन-3 की शुरुआत रेगिस्तान से होगी, लेकिन समापन कश्मीर की वादियों में होगा। पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन और दिनेश कार्तिक भी खेलेंगे रहेजा ने बताया- इस बार 30 देश से 600 प्लेयर ने रजिस्टर्ड किया था, लेकिन 120 खिलाड़ी ही ऑक्शन में सिलेक्ट हुए। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और इंटरनेशनल खिलाड़ी रहे अर्जुन अवॉर्डी शिखर धवन लीग में खेलेंगे। उन्होंने हाल में इंटरनेशनल और घरेलू क्रिकेट से संन्यास लिया है। भारतीय टीम में विकेटकीपर रहे दिनेश कार्तिक भी लीग में खेलेंगे। जोधपुर में होंगे 6 मैच जोधपुर के बरकतुल्ला खां स्टेडियम में लीग के 6 मैच होंगे। 20 सितंबर को ओपनिंग सेरेमनी जोधपुर में ही होगी। इसके बाद लगातार 6 मैच 26 सितंबर तक होंगे। 24 तारीख (मंगलवार) को कोई मैच नहीं होगा। जोधपुर में इसुरू उडाना, धवल कुलकर्णी, इरफान पठान, यूसुफ पठान, सुरेश रैना, वेस्टइंडीज खिलाड़ी चेडविक वॉल्टन, ऑस्ट्रेलियन क्रिकेटर डैन क्रिश्चियन, न्यूजीलैंड का क्रिकेटर रॉस टेलर आदि खिलाड़ी खेलेंगे। इस बार कोनार्क सूर्याज और साउथर्न सुपरस्टार्स टीमें जुड़ी लीजेंड्स लीग में पिछली बार 4 टीमों के बीच मैच हुए थे। इस बार टीमें बढ़कर 6 हो गई हैं। कोनार्क सूर्याज और साउथर्न सुपरस्टार्स नई टीमें जुड़ी है। कुल 6 टीम में इंडिया कैपिटल्स, कोनार्क सूर्याज उड़ीसा, मनीपाल टाइगर्स, गुजरात जॉइंट्स, हैदराबाद और साउथर्न सुपरस्टार्स है। भीलवाड़ा किंग्स की जगह कोनार्क सूर्याज टीम पिछले दो सीजन से राजस्थान की भीलवाड़ा किंग्स टीम लीग में हिस्सा ले रही थी, लेकिन अब उसकी जगह उड़ीसा की कोनार्क सूर्याज टीम शामिल होगी। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज इरफान पठान टीम के कप्तान होंगे। इसुरू उडाना के लिए लगी 61.9 लाख रुपए बोली सीजन-3 के लिए खिलाड़ियों के ऑक्शन में सबसे ज्यादा बोली इसुरू उडाना के लिए लगी। हैदराबाद की टीम में श्रीलंका के इसुरू उडाना बाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं। उडाना को हैदराबाद ने 61.9 लाख रुपए में खरीदा। इसके अलावा वेस्टइंडीज के पूर्व खिलाड़ी चेडविक वॉल्टन को हैदराबाद ने 60.3 लाख रुपए में खरीदा। पूर्व ऑस्ट्रेलियन क्रिकेटर डैन क्रिश्चियन को मनीपाल टाइगर्स टीम ने 59.6 लाख में खरीदा। न्यूजीलेंड के पूर्व कप्तान रॉस टेलर को 50.3 लाख रुपए में कोनार्क सूर्याज टीम ने खरीदा।

# जोधपुर के अस्पताल में महिला नर्सिंगकर्मी से छेड़छाड़

जोधपुर, 5 सितम्बर (वेबवार्ता)। जोधपुर के मथुरादास माथुर हॉस्पिटल में बीती रात को एक महिला नर्सिंगकर्मी के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। महिला से छेड़छाड़ करने वाला उसके साथ का ही कर्मचारी है। अपने साथ हुई घटना को लेकर महिलाकर्मी ने शास्त्री नगर पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। जिसके बाद पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। इधर, इस घटना को लेकर हॉस्पिटल प्रबंधन की ओर से भी आरोपी कर्मचारी पर कार्रवाई की जा रही है। शास्त्री नगर थानाधिकारी देवेंद्र सिंह देवड़ा ने बताया कि बुधवार को एमडीएम हॉस्पिटल की एक महिला नर्सिंगकर्मी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रिपोर्ट में बताया कि मंगलवार की रात को उसकी ड्यूटी हॉस्पिटल के एक वार्ड में थी। रात को उसके साथ ही एक कर्मचारी ने ड्यूटी रूम में आकर उसके साथ छेड़छाड़ करना शुरू कर दिया। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मामले की जांच पश्चिम एसीपी छवि शर्मा करेंगी। आरोपी को किया जाएगा सस्पेंड एमडीएम हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ. नवीन किशोरिया ने बताया कि महिला नर्सिंगकर्मी के साथ स्टाफ द्वारा छेड़छाड़ का मामला सामने आया है।

# अपने पहले गुरु को देख भावुक हुए सीएम, पैर छुए



जयपुर, 5 सितम्बर (वेब वार्ता)। सीएम भजनलाल शर्मा गुरुवार को शिक्षक सम्मान समारोह में अपने पहले गुरु को देख भावुक हो गए। मंच से जब उनकी नजर अपने गुरु पर पड़ी तो वे नीचे उतरे। उनके पैर छुए और उनका हाथ पकड़कर उन्हें मंच पर लेकर आए। जयपुर के बिरला ऑडिटोरियम में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में सीएम भजनलाल के पहले गुरु शंकर लाल शर्मा भी मौजूद थे। सीएम ने शॉल ओढ़ाकर अपने गुरु का सम्मान किया। इसके बाद मंच पर अपनी कुर्सी पर बैठाया। सीएम ने कहा- मैं भरतपुर में रहता था तो मेरे गुरुजी (शंकर लाल शर्मा) मिल जाते थे। कल मेरे मन में विचार आया कि मेरे गुरुजी कैसे हैं। फिर मैंने भरतपुर फोन करके पूछा कि आप आने की स्थिति में हैं क्या? उन्होंने कहा कि हां, तो मैंने उन्हें जयपुर आने का आमंत्रण दिया। सीएम भजनलाल ने कहा कि पहले जब पहली बार स्कूल जाते थे तो घरवाले गुड़ बांटते थे। मेरे एडमिशन की दादाजी ने काफी तैयारी की थी। जब मैं स्कूल गया तो पट्टी (स्लेट) को सजाया। मैं गुरु दक्षिणा लेकर स्कूल गया था। तब एडमिशन का बड़ा महत्व था। उस वक्त शंकर लाल जी मास्टर साहब विद्यालय में अकेले शिक्षक थे। मेरा प्रथम एडमिशन इन्होंने ही किया था। मुझे 5वीं तक इन्होंने ही पढ़ाया था। सीएम ने शेयर किए किस्से, कहा- गुरुजी कहते थे, बच्चे को स्कूल भेजो सीएम ने अपने स्कूली दिनों के किस्से भी शेयर किए। उन्होंने कहा- गांव में खेती का काम होता था। घरवाले भी खेती पर पढ़ाई से ज्यादा फोकस करते थे। गुरुजी घर-घर जाकर घरवालों से कहते थे। खेती का काम बाद में हो जाएगा, लेकिन बच्चे को स्कूल जरूर भेजो। वैसे भी गुरु बिन जीवन सूना है। उन्होंने कहा- कई बार ऐसा होता है कि मूर्ति बनाने वाले के मन में कई प्रकार के भाव उत्पन्न होते हैं। वह कई बार परिवार के भरण पोषण के लिए बनाता है। कोई मूर्ति इसलिए बनाता है कि अगर यह अच्छी बनी, तो बाजार में अच्छा भाव मिलेगा। कोई इसलिए भी मूर्ति बनाता है कि भगवान का रूप ले और आने वाली पीढ़ी को प्रेरणा दे। 50 नए प्राथमिक स्कूल खोले जाएंगे मुख्यमंत्री ने कहा- प्रदेश में 350 करोड़ की लागत से स्कूलों में आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। अगर कोई पंचायत कहेगी कि स्कूल को क्रमोन्नत करना है, कोई विषय शुरू करना है तो हम करेंगे। अगर वहां छात्रों की संख्या कम भी होगी तो भी विद्यार्थियों की रुचि का विषय हम उपलब्ध कराएंगे। इसके साथ ही 50 नए प्राथमिक स्कूल खोले जाएंगे। प्रदेश के 100 स्कूलों में नए विषय शुरू किए जाएंगे। भजनलाल शर्मा ने कहा कि मोदी जी के बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के नारे से लिंग अनुपात सुधरा है। बेटियां सशक्त हुई हैं। 2014 के बाद देश की तस्वीर बदली है। देश में आतंकवाद और नक्सलवाद का खात्मा हो, विकास की योजनाएं हों या दुनिया में बढ़ता भारत का मान, ये सब पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुआ है। एक पेड़ मां के नाम अभियान प्रधानमंत्री ने शुरू किया। इसमें राजस्थान ने एक दिन में 1 करोड़ 46 लाख पौधे लगाए। राजस्थान के शिक्षक जितने योग्य, उतना कोई नहीं सीएम ने कहा- राजस्थान के शिक्षकों को एक विशिष्ट गौरव प्राप्त है। राजस्थान का शिक्षक जितना योग्य है, उतना किसी अन्य प्रदेश का नहीं है। वह जितना तप कर आता है, वह कहीं और का नहीं आता। प्रदेश के शिक्षक इतने योग्य हैं कि पूरी शिक्षा व्यवस्था को सुधार सकते हैं।

# सफदरजंग में कैंसर मरीजों को जल्द मिलेगी आधुनिक रेडियोथेरेपी की सुविधा

नई दिल्ली, 05 सितंबर (वेब वार्ता)। सफदरजंग में कैंसर का इलाज करवाने आ रहे मरीजों को जल्द आधुनिक रेडियोथेरेपी की सुविधा मिलेगी। अस्पताल में सुविधाओं के विस्तार के लिए नई हाई एनर्जी लीनियर एक्सेलेरेटर मशीन के लिए रेडिएशन बंकर बनाने का काम शुरू हो गया है। इनके बनने के बाद हर साल करीब 2500 नए कैंसर मरीजों को मुफ्त रेडियोथेरेपी की सुविधा मिलेगी। सफदरजंग अस्पताल की चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वंदना तलवार ने बुधवार को रेडिएशन बंकर के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इसे अस्पताल में समर्पित ऑन्कोलॉजी ब्लॉक में बनाया जा रहा है। बंकर बनने के बाद रेडियोथेरेपी देने के दौरान रेडिएशन फैलने का खतरा नहीं रहेगा। नई मशीन से कैंसर के इलाज की गुणवत्ता में काफी सुधार होगा। इसकी मदद से कैंसर का उपचार सटीकता और प्रभावशीलता के साथ हो सकेगा। साथ ही, रोगियों में होने वाले रेडिएशन का दुष्प्रभाव बहुत कम हो जाएगा। इस मौके पर डॉ. भूमिका मिश्रा, डॉ. जयंती मणि, डॉ. कपिल सूरी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कैंसर मरीजों के लिए आएगी दो अन्य मशीन मरीजों की सुविधा के लिए अस्पताल में लो एनर्जी लीनियर एक्सेलेरेटर मशीन और सीटी सिम्युलेटर मशीन की सुविधा भी जल्द मिलेगी। इनकी मदद से विकिरण चिकित्सा के लिए योजना बनाई जा सकेगी। योजना बनाकर मरीज को सटीक रेडियोथेरेपी की सुविधा दी जाएगी। वहीं, वर्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज (वीएमएमसी) और सफदरजंग अस्पताल के रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग में बंकर के उन्नयन और विस्तार से मेडिकल छात्रों को भी सीखने को मिलेगा। इस बंकर में हाई एनर्जी लीनियर एक्सेलेरेटर मशीन को रखा जाएगा।

# प्रभु श्रीराम के वंशज महाराजा अग्रसेन की जयंती पर घोषित हो सार्वजनिक अवकाश

नई दिल्ली, 05 सितंबर (वेब वार्ता)। महाराजा अग्रसेन की जन्म जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग अब तेज हो गई है। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष नरेश कुमार ऐरन ने कहा कि वैश्य समाज के संस्थापक, शासक, कर्मयोगी, समता मूलक व्यवस्था के रचनाकार, अहिंसा के पुजारी, शांति दूत महाराजा अग्रसेन का राष्ट्र व समाज निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान है। महासम्मेलन के महामंत्री सुनील मित्तल, दरवेश बंसल ने कहा, वर्तमान समय में इनके बताए मार्ग पर चल कर विकसित भारत का निर्माण किया जा सकता है। वहीं कोषाध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने मांग की है कि महाराजा अग्रसेन की जन्म जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाए। वैश्य नेताओं ने कहा इस बारे में दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, विधान सभा अध्यक्ष राम निवास गोयल व विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता को अखिल भारतीय वैश्य सम्मेलन ज्ञापन भी सौंपेगे।

# सुलतानपुर मामले में अखिलेश यादव का आरोप, कहा- 'जात' देखकर ली गई जान, भाजपा राज अपराधियों का अमृतकाल

लखनऊ, 05 सितंबर (वेब वार्ता)। यूपी के सुलतानपुर में डकैती के एक आरोपी को पुलिस ने एनकाउंटर में ढेर कर दिया। इस घटना को लेकर अब सिसायत शुरू हो गई है। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने घटना को लेकर यूपी पुलिस और सरकार पर सवाल उठाए हैं। अखिलेश यादव ने मामले में प्रतिक्रिया देते हुए कहा, पैरों पर सिर्फ दिखावटी गोली मारी गई और 'जात' देखकर जान ली गई।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, लगता है सुल्तानपुर की डकैती में शामिल लोगों से सत्ता पक्ष का गहरा संपर्क था, इसीलिए तो नकली एनकाउंटर से पहले 'मुख्य आरोपी' से संपर्क साधकर सरेंडर करा दिया गया और अन्य सपक्षीय लोगों के पैरों पर सिर्फ दिखावटी गोली मारी गई और 'जात' देखकर जान ली गई। उन्होंने आगे कहा कि जब मुख्य आरोपी ने सरेंडर कर दिया है तो लूट का सारा माल भी पूरा वापस होना चाहिए और सरकार को मुआवजा अलग से देना चाहिए, क्योंकि ऐसी घटनाओं का जो मानसिक आघात होता है, उससे उबरने में बहुत समय लगता है, जिससे व्यापार की हानि होती है, जिसकी क्षतिपूर्ति सरकार करे। अखिलेश यादव ने कहा, नकली एनकाउंटर रक्षक को भक्षक बना देते हैं।



समाधान नकली एनकाउंटर नहीं, असली कानून-व्यवस्था है। भाजपा राज अपराधियों का अमृतकाल है। जब तक जनता का दबाव व आक्रोश चरम सीमा पर नहीं पहुंच जाता है, तब तक लूट में हिस्सेदारी का काम चलता रहता है और जब लगता है जनता घेर लेगी तो नकली एनकाउंटर का ऊपरी मरहम लगाने का दिखावा होता है। जनता सब समझती है कि कैसे कुछ लोगों को बचाया जाता है और कैसे लोगों को फंसाया जाता है।

बता दें कि यूपी के सुलतानपुर में 28 अगस्त को दिन दहाड़े दुकान में घुसकर पांच बदमाशों ने असलहे के बल पर करोड़ों के जेवरात और नगदी लूट ली थे। मंगलवार को घटना का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इसमें कुल 15 बदमाशों के बारे में पता चला। मुठभेड़ में तीन बदमाशों की गिरफ्तारी के बाद 11 बदमाश फरार थे। गुरुवार सुबह डिप्टी एसपी एसटीएफ धर्मेश शाही की टीम ने हनुमानगंज (देहात कोतवाली सुल्तानपुर) में हाइवे के किनारे आरोपी मंगेश को एनकाउंटर में ढेर कर दिया। अभी 10 बदमाश फरार हैं।

# सेबी प्रमुख पर लगे आरोपों की हो निष्पक्ष जांच: कांग्रेस

नई दिल्ली, 05 सितंबर (वेब वार्ता)। सेबी की चेयरपर्सन माधबी बुच के खिलाफ आरोपों को लेकर उठे विवाद के बीच कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को मामले की स्वतंत्र जांच की मांग की। मुख्य विपक्षी दल ने कहा कि जांच कराना राष्ट्रीय हित में है, क्योंकि विदेशी निवेशक चिंतित हो रहे हैं और भारत के शेयर बाजारों की साख पर संदेह है।

विपक्षी दल ने कहा कि केवल एक निष्पक्ष, स्वतंत्र जांच की आवश्यकता है, जिसमें भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की अध्यक्ष बुच को तब तक के लिए पद से हटा दिया जाए, तभी भारत के शेयर बाजारों और अर्थव्यवस्था में विश्वास और भरोसा बहाल हो सकता है। 'प्रोफेशनल्स कांग्रेस' के अध्यक्ष और आंकड़ा विश्लेषण विशेषज्ञ (डेटा एनालिटिक्स) प्रवीण चक्रवर्ती ने दावा किया कि देश की सबसे महत्वपूर्ण संस्थाओं में से एक सेबी से जुड़े एक के बाद एक कई राज सामने आ रहे हैं। उन्होंने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 10 अगस्त को एक विदेशी शोध कंपनी ने सेबी अध्यक्ष और उनके परिवार के खिलाफ अपतटीय निधियों के संबंध में आरोपों वाली एक रिपोर्ट जारी की, जिसके लिए उन्होंने दस्तावेजी सबूत होने का दावा किया। यह आरोप किसी राजनीतिक दल ने नहीं बल्कि एक शोध कंपनी ने लगाया है। जवाब में मोदी सरकार के एक कैबिनेट मंत्री ने इस मुद्दे पर बात की। चक्रवर्ती ने पूछा कि उन्होंने सेबी के एक व्यक्ति के खिलाफ एक विदेशी शोध फर्म द्वारा लगाए गए आरोप पर प्रतिक्रिया क्यों दी? उन्होंने कहा, सेबी की अध्यक्ष माधबी पुरी बुच जवाब नहीं दे रही हैं, लेकिन आईसीआईसीआई जवाब दे रहा है।

# हरियाणा में कैबिनेट मंत्री चौधरी रणजीत सिंह चौटाला ने मंत्री पद से दिया इस्तीफा

सिरसा, 05 सितंबर (वेब वार्ता)। हरियाणा में बीजेपी के टिकट बंटवारे ने काफी हलचल मचा दी है। कैबिनेट मंत्री चौधरी रणजीत सिंह चौटाला का इस्तीफा और उनकी नाराजगी ने स्थिति को और जटिल बना दिया है। रानिया विधानसभा से टिकट नहीं मिलने के कारण उनका गुस्सा स्वाभाविक है, और उनका चुनावी लड़ाई में बने रहना एक महत्वपूर्ण संकेत हो सकता है कि पार्टी की आंतरिक राजनीति में गहराई से मुद्दे हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि इस विवाद का चुनावी परिदृश्य पर क्या असर पड़ता है। आपको बता दें कि रणजीत सिंह चौटाला ने रानिया विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने की इच्छा जताई थी, लेकिन बीजेपी ने उनकी जगह शीशपाल कंबोज को टिकट दे दिया। इस निर्णय से नाराज होकर चौटाला ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। यह स्थिति पार्टी के भीतर मतभेदों और असंतोष को उजागर करती है, जो चुनावी रणनीतियों और परिणामों पर असर डाल सकती है। रणजीत सिंह चौटाला पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला के भाई और देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल के बेटे हैं। पहली बार उन्होंने रोडी विधानसभा से 1987 में लोकदल की टिकट पर चुनाव लड़ा था, वो विधायक बने थे. इसके बाद 1990 में उन्हें हरियाणा से राज्यसभा सांसद के रूप में चुना गया। 2005-2009 में उन्हें हरियाणा राज्य योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष का पद संभालने का मौका मिला।

# मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी समेत पांच पर गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज

चित्रकूट, 05 सितंबर (वेब वार्ता)। अपराध की दुनिया के बेताज बादशाह रहे पूर्वांचल के माफिया डॉन (बाहुबली) मुख्तार अंसारी के विधायक बेटे अब्बास अंसारी सहित पांच लोगों के खिलाफ चित्रकूट जिले की सदर कोतवाली कर्वी में गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज हुआ है। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक उपेंद्र सिंह की तहरीर पर यह मुकदमा लिखा गया है। गैंग लीडर अब्बास अंसारी पूर्व में जिला कारागार चित्रकूट में निरुद्ध रहा है।

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि विधायक अब्बास अंसारी वर्तमान में प्रशासनिक आधार पर जिला कारागार कासगंज में निरुद्ध है। जिला कारागार चित्रकूट में निरुद्ध रहने के दौरान गैंग के सक्रिय सदस्य नवनीत सचान पुत्र सत्येन्द्र सचान निवासी शंकर बाजार थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट, नियाज अंसारी पुत्र मुन्ना अंसारी निवासी रेवतीपुर कंशरायपट्टी थाना रेवतीपुर जिला गाजीपुर, सपा नेता फराज खां पुत्र मुन्ने खां निवासी द्वारिकापुरी पुरानी बाजार थाना कोतवाली कर्वी, शहबाज आलम खां पुत्र शाहिद आलम खां निवासी अर्दली बाजार थाना कैंट जनपद वाराणसी के साथ लोगों को भय में डाल कर अवैध रूप से रंगदारी वसूली कर मारपीट करते हैं, जिससे थाना क्षेत्र भय व आतंक व्याप्त है।

इस गैंग के लीडर व सक्रिय सदस्यों के विरुद्ध थाना कोतवाली नगर कर्वी में मु0अ0स0 88/23 धारा 387/506/201/120बी/511/195ए/34 भादवि व 8 भ्रष्टाचार निवारण अधि0, 42 वी/54 प्रिजनर्स एक्ट तथा 7 सीएलए एक्ट थाना कोतवाली कर्वी का अभियोग पंजीकृत है। जिसमें बाद में विवेचना आरोप पत्र सं0 159/23 बीते साल 10 अप्रैल 2023 व 159/23 के तहत 22 मई 2023 को चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है।

# पत्नी को डांटने पर शख्स ने की बड़े भाई की पीट-पीटकर हत्या

नागपुर, 05 सितंबर (वेब वार्ता)। महाराष्ट्र के नागपुर शहर में 25 वर्षीय व्यक्ति ने उसकी पत्नी को डांटने पर अपने बड़े भाई की कथित तौर पर पीट-पीट कर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना रविवार को शहर के हिंगना इलाके में हुई। उसने बताया कि गोविंद चौखे ने तीखी बहस होने के बाद अपने 36 वर्षीय भाई किसन पर हमला कर दिया। दोनों भाई, अपनी मां और अपने परिवारों के साथ एक ही घर में रहते थे।

हिंगना पुलिस थाने के एक अधिकारी ने कहा, ''भाइयों के बीच बहस तब शुरू हुई जब किसन ने गोविंद की पत्नी को किसी पारिवारिक मामले को लेकर कथित तौर पर डांट दिया। इस बात से गुस्से में आए गोविंद ने किसन के सीने और सिर पर कई बार वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।'' अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने शुरुआत में दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज किया था, लेकिन बुधवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पता चला कि किसन की मौत चोट लगने के कारण हुई। उन्होंने बताया कि पुलिस ने गोविंद से पूछताछ की और उसने अपराध कबूल कर लिया जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।


सम्पत्ति के विक्रय हेतु ऑनलाईन ई-नीलामी

kotak Kotak Mahindra Bank

**कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड**

**पंजीकृत कार्यालय: 27 बीकेसी, सी -27, जी-ब्लॉक, बान्द्रा कुर्ला कॉम्पलेक्स, बान्द्रा (पूर्व), मुम्बई, महाराष्ट्र, पिन कोड-400051**

**शाखा कार्यालय: प्रथम तल, 232-233 एसडीसी टॉवर, आम्रपाली सर्किल के पास, हनुमान नगर, वैशाली नगर, जयपुर- 302021**

**अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु विक्रय सूचना**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(5) और 8(6) के अंतर्गत वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना। 'मैग्मा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (एमएचएफएल) (जिसे बाद में पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के रूप में जाना जाता है जिसे अब गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) द्वारा कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड के पक्ष में ऋण के असाइनमेंट के बाद और कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी (जिसे आगे 'बैंक/केएमबीएल/प्रतिभूत लेनदार' कहा जाएगा) ने नीचे वर्णित अचल संपत्ति (जिसे आगे प्रतिभूत परिसंपत्ति कहा जाएगा) का कब्जा प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित दिनांक 08.11.2023 को ले लिया है। विशेष रूप से ऋणी(ओं) और गारंटर(ओं) और आम जनता को एतद्वारा सूचना दी जाती है कि बैंक ने प्रतिभूत परिसंपत्ति को बेचने का निर्णय लिया है। सरफैसी अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के तहत 'जैसा है जहां है', 'जैसा है', और 'जो कुछ भी है' के आधार पर नीचे दिए गए विवरण के अनुसार **श्री अशोक गोयल और श्रीमती कमला देवी** द्वारा लिया गया ऋण की वसूली के लिये ऋण खाता संख्या एचएम/0062/एच/18/100002 में बकाया **रु. 7,56,314/-** (सात लाख छप्पन हजार तीन सौ चौदह रुपये मात्र) **दिनांक 05.09.2024** तक के वसूली के लिये ईनीलामी की जायेगी।

| विशिष्ट (PARTICULARG) | विवरण |
|---|---|
| नीलामी की दिनांक | 09.10.2024 |
| नीलामी का समय | दोपहर 12:00 बजे से 01:00 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट की असिमित समयावृद्धि के साथ |
| आरक्षित मूल्य | रू. 6,00,000/- (रूपये छः लाख मात्र) |
| जमा धरोहर राशि (ईएमडी) | रू. 60,000/- (रूपये साठ हजार मात्र) |
| केवाईसी एवं धरोहर राशि जमा कराने की अंतिम दिनांक | 08.10.2024 सांय 05:00 बजे तक (IST) |
| प्रतिभूत संपत्ति का विवरण | संपत्ति के सभी अंश एवं हिस्से जिसमें प्लॉट नं. 51, गरम पाल, खसरा नं. 367/2 एवं 367/3, तहसील एवं जिला जोधपुर-342001, राजस्थान में स्थित है क्षेत्रफल 100 वर्गगज, सीमाएं- पूर्वः रोड़, 30 फिट, पश्चिमः प्लॉट नं. 40, उत्तरः प्लॉट नं. 52, दक्षिणः प्लॉट नं. 50 |
| ज्ञात प्रभार यदि कोई हो | ज्ञात नही |

ऋणियों का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा 8 के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो प्रतिभूत परिसंपत्ति को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में है। विशेष रूप से ऋणियों और आम जनता कृपया ध्यान दें कि यदि किसी भी कारण से यहां निर्धारित नीलामी विफल हो जाती है, तो प्रतिभूत ऋणदाता निजी संधि के माध्यम से बिक्री के माध्यम से प्रतिभूति हित लागू कर सकता है। बिक्री के तहत परिसंपत्तियों के बारे में किसी भी स्पष्टीकरण/आवश्यकता के मामले में, बोलीदाता **श्रीमती लक्ष्मी चौधरी (मोबाइल नंबर + 917412032966)** से संपर्क कर सकते हैं। बोलीदाता स्पष्टीकरण के लिए बैंक के आईवीआर नंबर (+91-9152219751) पर भी संपर्क कर सकते हैं। बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया बैंक की वेबसाइट यानी **www.kotak.com** और/या **http://bankauctions.in/** पर दिए गए लिंक **https://www.kotak.com/en/bank-auctions.html** को देखें।

दिनांकः 06.09.2024 स्थानः जोधपुर

प्राधिकृत अधिकारी
कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड

**सार्वजनिक नोटिस**

ICICI Home Finance

**पंजीकृत कार्यालयः** आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई- 400051
**कॉर्पोरेट कार्यालयः** आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुरिया रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई-400059

**शाखा का पताः** पहली मंजिल, होप टावर, कार्यालय संख्या-683 बी, सरदारपुरा 9वीं सी-डी रोड, जोधपुर-342003

निम्नलिखित उधारकर्ताओं ने आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (''आईसीआईसीआई एचएफसी'') से प्राप्त ऋण सुविधा के मूलधन और ब्याज के पुनर्भुगतान में चूक की है और ऋण को गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। उन्हें उनके अंतिम ज्ञात पते पर वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम-2002 की धारा 13(2) के तहत एक नोटिस जारी किया गया था, हालांकि इसे तामील नहीं किया गया था और इसलिए उन्हें इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है।

| क्र. सं. | उधारकर्ता / सह-उधारकर्ता/गारंटर/का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | सुरक्षित संपत्ति का का पता / लागू की जाने वाली संपत्ति | नोटिस भेजने की तारीख/नोटिस की तारीख पर बकाया | एनपीए तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बजरंग (उधारकर्ता), छोटा देवी (सह-उधारकर्ता), भंवर लाल (सह-उधारकर्ता), रामनिवास चौधरी (गारंटर), रूपावतों की धनिया, नेत्रा जोधपुर नेत्रा जोधपुर राजस्थान-342037. LHJOD00001358603 | पथ संख्या 40, ग्राम पंचायत नेत्र, पंचायत समिति बावरी, जोधपुर, राजस्थान-342037. सीमाएं से घिरा हुआ- उत्तरः स्कूल की सीमा दीवार, दक्षिणः 14' रास्ता, पूर्वः स्व भूमि और रास्ता, पश्चिमः स्व भूमि। | 16-08-2024 रु. 9,77,948.74/- | 03/08/2024 |
| 2. | बजरंग (उधारकर्ता), भंवर लाल (सह-उधारकर्ता), छोटा देवी (सह-उधारकर्ता), रूपावतों की धनिया, नेत्रा जोधपुर राजस्थान-342037. LHJOD00001358670 | पैटी नंबर 40, ग्राम पंचायत नेत्र, पंचायत समिति बावरी, जोधपुर, राजस्थान- 342037. सीमाएं से घिरा हुआ- उत्तरः स्कूल की सीमा दीवार, दक्षिणः 14' रास्ता, पूर्वः स्व भूमि और रास्ता, पश्चिमः स्व भूमि। | 16-08-2024 रु. 45,467.34/- | 03/08/2024 |

नोटिस की प्रतिस्थापित सेवा के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त उधारकर्ताओं और/या उनके गारंटरों (जैसा लागू हो) को सलाह दी जाती है कि वे इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों की अवधि के भीतर बकाया भुगतान करें अन्यथा प्रतिभूतिकरण और वित्तीय परिसंपत्तियों का निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 पुनः प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

**दिनांकः 06 सितम्बर 2024, स्थानः जोधपुर**

**प्राधिकृत अधिकारी, आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड**


स्वत्वाधिकारी स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक युवराज सिंह के लिए माणक ऑफसेट प्रिन्टर्स, एम.जी.एच. रोड, जोधपुर से मुद्रित व प्लॉट नं. 104, भगत की कोठी, न्यू पाली रोड, जयश्री स्कूल के पास, जोधपुर से प्रकाशित। सम्पादक युवराज सिंह, पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किये गये विचारों से सम्पादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। न्यायालय सम्बन्धी सभी मामले जयपुर में निपटाये जायेगें। प्रकाशक की लिखित अनुमति के बिना पूर्णतः व आंशिक व पूर्ण प्रकाशन पूर्णतः प्रतिबन्धित है। सम्पादक-युवराज सिंह मोबाईल नम्बर : 9829410051 ई-मेलः yuvrajsinghh@gmail.com